Date: 15.8.2021	**Publication:** Navbharattimes.indiatimes.com
Headline: Road to freedom from financial worries	

Independence Day Special: आर्थिक चिंताओं से स्वतंत्रता का मार्ग क्या है, जानिए यहां

Shishir Chaurasia | नवभारतटाइम्स.कॉम | Updated: 15 Aug 2021, 11:42 am

आज हम स्वतंत्रता दिवस (Independence Day) मना रहे हैं। इस अवसर पर आइए हम सुनिश्चित करें कि हमारी आर्थिक स्वतंत्रता (Economic Liberty) बनी रहे। हम विकास और समृद्धि (Development & Growth) के पथ पर निडर होकर प्रगति करें। वित्तीय चिंताओं से मुक्ति के लिए स्वतंत्रता दिवस पर उठाया जाने वाले इस कदम से एक जोखिम से मुक्त भविष्य आपका इंतजार कर रहा है।

एक बीमा पॉलिसी लेकर आप हो सकते हैं आर्थिक चिंता से मुक्त

हाइलाइट्स

- आज जबकि हम स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं, आपने कभी अपनी आर्थिक चिंता से स्वतंत्रता के बारे में सोचा है
- आप चाहें तो आर्थिक चिंता की स्वतंत्रता से भी मुक्त हो सकते हैं
- इसका सबसे अच्छा उपाय बीमा की पॉलिसी है
- आप किसी बीमा कंपनी से अपने लिए बीमा की पॉलिसी ले कर चिंतामुक्त हो सकते हैं

नई दिल्ली

आज स्वतंत्रता दिवस (Independence Day) है। इस दिन का महत्व सभी भारतीयों के लिए सर्वोपरि है। इसे और अधिक स्पष्ट करने या बताने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस दौरान हमने बहुत लंबा सफर तय किया है। इस दौरान हमने विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सुधार किए, जिससे हमें दुनिया के सबसे शानदार लोकतंत्रों में से एक स्थापित होने में मदद मिली। एक देश के तौर पर हमने बहुत कुछ हासिल किया है और अभी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। ऐसे में आपने कभी सोचा है कि आर्थिक चिंताओं से स्वतंत्रता का मार्ग क्या है? Bajaj Allianz General Insurance के चीफ टेक्निकल आफिसर टी. ए. रामालिंगम हमें बता रहे हैं यह मार्ग क्या है।

आज हम स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर आइए हम सुनिश्चित करें कि हमारी आर्थिक स्वतंत्रता (Economic Liberty) बनी रहे। हम विकास और समृद्धि के पथ पर निडर होकर प्रगति करें। वित्तीय चिंताओं से मुक्ति के लिए स्वतंत्रता दिवस पर उठाया जाने वाले इस कदम से एक जोखिम से मुक्त भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। आइये इसकी ओर बढ़ें।

1. कभी गौर किया है अपनी प्राथमिकताओं की लिस्ट पर?

कुछ सोच विचार के बाद हमने पाया है कि हमारी भी प्राथमिकताओं की एक लिस्ट है। इसके हिसाब से हम चाहते हैं कि सभी भारतीय एक लंबा, सुखमय और समृद्ध जीवन जियें। ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की वित्तीय चिंताओं का सामना न करना पड़े। इस सूची में वैसी तमाम चीजें हो सकती है, जो किन उनके और उनके परिवार के लिए जरूरी है।

2. वित्तीय चिंताओं से मुक्ति का मार्ग क्या है?

वित्तीय चिंताओं से खुद को मुक्त करने के सबसे सरल तरीकों में से एक तरीका यह है कि उन्हें किसी और के हवाले कर दिया जाये। बीमा भी कुछ ऐसा ही करता है जिसमें एक व्यक्ति या बीमाकर्ता अपने फाइनेंशियल रिस्क को ट्रांसफर कर देता है। यह वित्तीय सुरक्षा के साथ साथ आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है। हम एक पल पल बदलने वाली अनिश्चित दुनिया में रहते हैं। और, मौजूदा महामारी ने इस भयानक तथ्य को और भी उजागर कर दिया है, जिससे एक उचित वित्तीय और जोखिम प्रबंधन योजना की जरूरत को रेखांकित किया है।

3. बीमा की पॉलिसी लेने से क्या होता है?

बीमा की एक पॉलिसी ले लेने भर से आपको जोखिम की चिंता नहीं रहती है। और, यह मन को शांति प्रदान कर व्यक्ति को ज्ञात-अज्ञात के भय और अनिश्चितताओं से मुक्त करता है। बीमा आपको किसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारण होने वाले आकस्मिक नुकसान की क्षतिपूर्ति करके अप्रत्याशित वित्तीय संकटों से भी बचाता है। ऐसी कोई भी होनी या अनहोनी घटनाएं किसी भी व्यक्ति के समृद्धि के मार्ग में रोड़ा बन जाती हैं और उनके विकास में बाधा बनकर मानसिक तनाव का कारण बन जाती हैं। इस प्रकार, ऐसी कोई भी दुर्घटना, व्यक्ति के समग्र कल्याण को बाधित करती हैं। इसलिए एक बीमा कवर खरीदकर, आप एक छोटी राशि के बदले में इन भारी नुकसान से खुद को बचाते हैं, क्योंकि बीमा की लागत एक अवांछनीय घटना के दौरान नुकसान की राशि से काफी कम है।

4. बहुत से लोग कहते हैं कि उनकी पर्याप्त बचत और उन्हें बीमा की कोई आवश्यकता नहीं है। क्या उनका कहना सही है?

बहुत से लोग यह मान सकते हैं कि उन्हें बीमा की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उनके पास पर्याप्त बचत है। उनका मानना है कि यह बचत किसी अवांछित घटना के दौरान पर्याप्त होगी। लेकिन, अगर आप स्थिति का विश्लेषण करते हैं तो आप पाएंगे कि ज्यादातर मामलों में आपकी बचत पर्याप्त नहीं है। अगर खुदा न खास्ता कोई दुर्घटना घट जाती है तो उनकी आर्थिक सेहत निश्चित रूप से डांवाडोल हो सकती है। कोई भी व्यक्ति आर्थिक रूप से कितना भी संपन्न क्यों न हो, किसी भी दुर्घटना से होने वाले नुकसान को वहन करने की उसकी एक सीमा होती है। और, इसके बाद स्थिति आउट ऑफ़ कंट्रोल हो जाती है।

5. बीमा किस तरह के रिस्क से सुरक्षा प्रदान करेगी?

बीमा कई तरह की रिस्क से सुरक्षा प्रदान करता है। यह आपके स्वास्थ्य, संपत्ति और यहां तक कि जीवन को प्रभावित कर सकते हैं। आज बीमा बाजार में आपके घर, वाहन, फसल, पशु, मोबाइल सहित आपकी सभी असेट्स के लिए कवर उपलब्ध है। इसके अलावा, वित्तीय चिंताओं से आपकी मुक्ति भी बस कुछ ही क्लिक दूर है। वे दिन गए, जब बीमा खरीदने में भारी कागजी कार्रवाई होती थी। इधर उधर के चक्कर लगाने पड़ते थे। आज सभी उत्पाद बीमाकर्ताओं की वेबसाइट और ऐप पर आसानी से उपलब्ध हैं। संपूर्ण पॉलिसी का मैनेजमेंट, कवर खरीदने से लेकर पॉलिसी जारी करने तक, एंडोर्समेंट से लेकर नवीनीकरण (रिन्यूअल) और क्लेम्स के सेटलमेंट तक, सब कुछ आपके घर पर ही आराम से किया जा सकता है। बस कुछ ही क्लिक में, आप अपने स्वास्थ्य और धन को सुरक्षित कर सकते हैं।